



पता :– 2nd Floor- जिला परिषद् भवन, बेगूसराय, 851101
E-Mail ID-dlobegusarai@gmail.com

बिहार सरकार

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय
### (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

पत्रांक A9R/1880

प्रेषकः–

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बेगूसराय।

सेवा में,

सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी,
जिला– बेगूसराय।

बेगूसराय, दिनांक 28.8.2025

विषयः– जिला के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग 1 से 8 के छात्र–छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन–2025 के आयोजन के संबंध में SOP में संशोधन के संबंध में।

प्रसंग :– राज्य परियोजना निदेशक, बि0शि0परि0परि0, पटना का पत्रांक 2896 दिनांक 05.07.2024 एवं राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना का पत्रांक 2649, दिनांक 14.08.2025


महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में अंकित करना है कि समग्र शिक्षा के अन्तर्गत शैक्षिक वर्ष 2025–26 में राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग 1 से 8 के सभी छात्र–छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन/परीक्षा का SOP उपलब्ध कराया गया है। उक्त परीक्षा के कार्यक्रम निदेशानुसार निम्नवत् संचालित किये जायेंगे–

| तिथि | प्रथम पाली<br>समयः 10:00 पू0 से 12:00 अप0 | द्वितीय पाली<br>समय : 01:00 अप0 से 03:00 अप0 |
|---|---|---|
| 10.09.2025<br>(बुधवार) | पर्यावरण अध्ययन/समाजिक विज्ञान<br>(कक्षा 3 से 8 के लिए) | विज्ञान<br>(कक्षा 6 से 8 के लिए) |
| 11.09.2025<br>(गुरूवार) | हिन्दी (द्वितीय भाषा/अहिन्दी भाषी के लिए)<br>(कक्षा 3 से 8 के लिए) | गणित<br>(कक्षा 3 से 8 के लिए) |
| 12.09.2025<br>(शुक्रवार) | सह–शैक्षिक गतिविधियों का समेकन | |
| 13.09.2025<br>(शनिवार) | हिन्दी/बांग्ला/उर्दू<br>(कक्षा 3 से 8 के लिए) | संस्कृत<br>(कक्षा 6 से 8 के लिए) |
| 14.09.2025<br>(रविवार) | सह–शैक्षिक गतिविधियों का समेकन | |
| 16.09.2025<br>(मंगलवार) | अंग्रेजी<br>(कक्षा 3 से 8 के लिए) | |
| 17.09.2025<br>(बुधवार) | हिन्दी/उर्दू/बांग्ला<br>(कक्षा 1 से 2 के लिए) | गणित<br>(कक्षा 1 से 2 के लिए) |
| 18.09.2025<br>(गुरूवार) | अंग्रेजी<br>(कक्षा 1 से 2 के लिए) | |

*वर्ग शिक्षक द्वारा अनुलग्नक –1 में दिये गये निदेश के अनुरूप सभी बच्चों के सह–शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन समय–समय पर किया जाता है।

उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार वर्ग 1 से 8 के छात्र–छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन– 2025 के संपादन के लिए निम्नांकित निदेश दिए जाते हैं–





बिहार सरकार

पता :– 2nd Floor- जिला परिषद् भवन, बेगूसराय, 851101
E-Mail ID-dlobegusarai@gmail.com

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय
### (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

1. वर्ग 1 एवं 2 के बच्चों का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन का स्वरूप पूर्व की तरह ही मौखिक होगा, जो विद्यालय के वर्ग शिक्षक के द्वारा सम्पन्न किया जायेगा। वर्ग 1 एवं वर्ग 2 की परीक्षा से संबंधित विषयवार प्रश्न पत्रों को ई–शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके आधार पर निदेशानुसार विद्यालय में वर्ग 1 एवं वर्ग 2 की अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा निर्धारित तिथि के अनुसार आयोजित की जायेगी।
2. वर्ग 3 के बच्चों का शारीरिक शिक्षा एवं कल्याण तथा कला विषय का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जाएगा एवं ग्रेडिंग की जायेगी।
3. वर्ग 6 के बच्चों का शारीरिक शिक्षा एवं कल्याण, व्यवसायिक शिक्षा, कम्प्यूटर विज्ञान तथा कला विषय का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जाएगा एवं ग्रेडिंग की जायेगी। साथ ही वर्ग 7 एवं 8 में भी कम्प्यूटर विज्ञान का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जाएगा।
4. वर्ग 3 से 8 के बच्चों का अन्य विषयों का लिखित मूल्यांकन, मुद्रित प्रश्न–पत्र सह–उत्तर पुस्तिका उपलब्ध करा कर सम्पादित किया जायेगा। अंकनीय है कि परिषद् के द्वारा अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन/परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका का निर्माण कराकर जिला कार्यालय को दिनांक 03.09.2025 तक उपलब्ध करा दिया जायेगा, जिसे प्राप्त होते ही आपको उपलब्ध करा दिया जायेगा।
5. मुद्रित प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका वितरण एवं संग्रहण करते समय प्रत्येक स्तर पर विडियो रिकॉर्डिंग करना अनिवार्य होगा।
6. परीक्षा संबंधित सम्पूर्ण गोपनीय सामग्री आप अपने निर्देशन में अपने कार्यालय स्थित गोपनीय कक्ष अथवा चिन्हित निर्दिष्ट स्थल/विद्यालय में सुरक्षित करना सुनिश्चित करेंगे। तदालोक में निर्धारित तिथि के अनुसार अपने निर्देशन में सभी गोपनीय सामग्रियों का वितरण विद्यालयवार सुनिश्चित किया जाए। अंकनीय है कि सभी स्तरों पर प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनाये रखने के लिए वितरण कार्य में संलग्न कर्मियों से गोपनीयता के संबंध में शपथ पत्र लिया जाएगा।
7. सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि जिला मुख्यालय से प्राप्त प्रश्न पुस्तका–सह–उत्तर पुस्तिका का ससमय विद्यालयवार, विषयवार, पालीवार एवं माध्यमवाार वितरण करना सुनिश्चित करेंगे।
8. विद्यालयवार निर्धारित संख्या में प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका का बंडल तैयार करके सभी विद्यालय प्रधान को ससमय निर्धारित संख्या में प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका हस्तगत कराते हुए गोपनीयत का शपथ पत्र लिया जाएगा। प्रखण्ड कार्यालय द्वारा यह निश्चित रूप से ध्यान रखा जायेगा कि किसी भी विद्यालय में किसी कक्षा के किसी विषय एवं भाषा के प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका की संख्या कम नहीं हो।
9. अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला के द्वारा दिनांक 09 सितम्बर से 18 सितम्बर, 2025 की अवधि में नियंत्रण कक्ष स्थापित एवं संचालित किया जाएगा। उक्त अवधि के दौरान किसी भी तरह की पृच्छा के लिए जिला से सम्पर्क किया जा सकता है।
10. सभी प्रारंभिक एवं मध्य विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शैक्षिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को विशेष कक्षा आयोजित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। वर्ग 3 से 8 के छात्र/छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन– 2025 के प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिकाओं की जॉच निकटस्थ कॉम्पलेक्स रिर्सोस सेन्टर/संकुल स्तर पर किया जायेगा। ज्ञातव्य हो कि वर्ग 1 एवं वर्ग 2 के छात्र/छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन–2025 मूल विद्यालय में ही किया जायेगा। मूल्यांकन कार्य दिनांक 16 सितम्बर, 2025 से 20 सितम्बर, 2025 तक अधिकतम पॉच कार्य दिवस की अवधि में (क) उत्तर पुस्तिका की जॉच (ख) प्रत्येक छात्र–छात्रा के परिणाम को प्रगति पत्रक में संधारित करके कार्य को पूरा किया जायेगा।





बिहार सरकार

पता :– 2nd Floor- जिला परिषद् भवन, बेगूसराय, 851101
E-Mail ID-dlobegusarai@gmail.com

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय
### (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

11. दिनांक 27 सितम्बर, 2025 को राज्य के सभी प्रारंभिक एवं मध्य विद्यालयों में शिक्षक–अभिभावक बैठक आहूत कर कक्षा 1 से 8 तक छात्र/छात्राओं की प्रगति साक्षा की जायेगी। मूल्यांकित प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका छात्र/छात्रा अपने घर ले जायेंगे। वैसे अभिभावक जो PTM में उपस्थित होते हैं, उनके हस्ताक्षर मूल्यांकित प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका प्राप्त करते समय अवश्य लिये जायें। PTM में अनुपस्थित रहने वाले अभिभावकों से तुरन्त पत्राचार किया जाय एवं उन्हें परीक्षा एवं पाठ्यक्रम के संबंध में उचित रूप से अवगत कराया जाय। ग्रेड C, D एवं E लाने वाले छात्र–छात्राओं के लिए रणनीति का निर्धारण किया जायेगा।
12. सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा– 2025 में वीक्षण कार्य हेतु प्रखण्ड स्तर पर एक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक को दूसरे विद्यालय में प्रतिनियुक्त करेंगे, ताकि परीक्षा स्वच्छ एवं कचाचार रहित वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके। प्रतिनियुक्ति के समय यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं एक वरीय शिक्षक को अपने पदस्थापित विद्यालय में ही परीक्षा के सफल संचालन करने हेतु अधिकृत करेंगे। चूँकि सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक उस विद्यालय के केन्द्राधीक्षक के रूप में कार्य करेंगे। वीक्षण कार्य हेतु प्रतिनियुक्त किये जाने वाले शिक्षकों की सूची पर दिनांक 08.09.2025 तक अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरी से अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाय।
13. सभी प्रधानाध्यापक को निदेश दिया जाता है कि अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा– 2025 समाप्त होते ही सभी परीक्षार्थियों के प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका वर्गवार एवं विषयवार अपने मूल विद्यालय में ही सुरक्षित रखेंगे। तदोपरांत उन सभी परीक्षार्थियों के प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका वर्गवार एवं विषयवार मूल्यांकन की निर्धारित तिथि के दिन पूर्व संबंधित स्कूल कम्प्लेक्स के समन्वयक की निगरानी में स्कूल कम्प्लेक्स केन्द्र पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य में संबंधित स्कूल कम्प्लेक्स के संचालक आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।
14. सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा–2025 के लिए संबंधित प्रखण्ड के चिन्हित स्कूल कम्प्लेक्स को मूल्यांकन केन्द्र के रूप में निर्धारित करेंगे।
15. अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन से संबंधित विस्तृत दिशा–निर्देश बाद में जिला कार्यालय से जारी किये जायेंगे। तदनुसार सभी प्रतिनियुक्त मूल्यांकनकर्त्ता /परीक्षक मूल्यांकन कार्य करेंगे।
16. अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा–2025 की व्यवहृत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु परीक्षकों की प्रतिनियुक्ति प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अपने स्तर से करेंगे।
17. उत्तर पुस्तिकाओं की जॉच की अवधि में भी विद्यालय में सामान्य रूप से पठन–पाठन का कार्य निर्बाध रूप से जारी रहेगा।
18. आप अवगत हैं कि अधोहस्ताक्षरी जिला के अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा–2025 के लिए परीक्षा नियंत्रक हैं। अतएव सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को विशेष तौर पर निदेश दिया जाता है कि परीक्षा संबंधित कार्य में परीक्षा नियंत्रक (अधोहस्ताक्षरी) को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे, क्योंकि प्रखण्ड स्तर पर सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सहायक परीक्षा नियंत्रक के रूप में कार्य करेंगे। जिला स्तर से अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन–2025 की पूरी प्रक्रिया का सधन अनुश्रवण एवं दस्तावेजीकरण किया जाएगा।
19. परीक्षा के दिन वर्ग कक्ष का प्रबंधन निम्न रूपेण किया जाय–
    I. वर्ग कक्ष में दो परीक्षार्थियों के बीच की दूरी कम से कम दो फीट अवश्य होने चाहिए, इसका भरसक प्रयास करेंगे।
    II. परीक्षा कक्ष में प्रवेश के पूर्व सभी परीक्षार्थियों को निदेश दिया जाय कि कम से कम पेन्सिल, रबड़, कटर, कलम ज्यामितीय बॉक्स, कार्ड–बोर्ड इत्यादि अवश्य अपने साथ लायें।
    III. वीक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र समझने में अगर किसी तरह की परेशानी होती है तो वीक्षक अवश्य सहयोग प्रदान करेंगे।




बिहार सरकार

पता :– 2nd Floor- जिला परिषद् भवन, बेगूसराय, 851101
E-Mail ID-dlobegusarai@gmail.com

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय
### (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

IV. वीक्षकों को सख्त हिदायत दी जाती है कि परीक्षा की पवित्रता बनाये रखेंगे एवं किसी भी तरह की अनियमितता बरते जाने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

V. परीक्षा के क्रम में परीक्षार्थियों को किसी भी तरह का अनुचित सहयोग वीक्षकों द्वारा नहीं किया जाय।

VI. प्रधानाध्यापकों से अपेक्षा की जाती हे कि परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में पूरी शांति व्यवस्था बनी रहे, इसका दृढता से पालन किया जाय।

VII. परीक्षा शुरू होने के एक घंटे के बाद ही परीक्षार्थियों को वॉशरूम जाने की अनुमति प्रदान की जाय। विशेष परिस्थिति में वीक्षक अपने स्वविवेक का प्रयोग करेंगे।

VIII. शैक्षिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष में अगली पक्ति में स्थान निर्धारित किया जाय।

IX. परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों को पाठ्यपुस्तक/नोट बुक इत्यादि साथ ले जाने की अनुमति प्रदान नहीं किया जाय।

X. प्रधानाध्यापकों से अपेक्षा की जाती है कि परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष एवं स्कूल परिसर का निश्चित अंतराल पर भ्रमण करते रहें, ताकि परीक्षा स्वच्छ एवं कदाचार रहित वातावरण में सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

XI. वीक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि परीक्षा के अंतिम आधा घंटा पूर्व शेष रहने पर तत्काल इसकी सूचना परीक्षा कक्ष में दी जाय, ताकि सभी परीक्षार्थी एक बार पुनः उत्तर पुस्तिका का पुनरावलोकन कर सके।

XII. परीक्षा कार्य में संलग्न विद्यालय के सभी कर्मी, वीक्षक एवं प्रधानाध्यापक परीक्षा से संबंधित निर्धारित समय सारिणी का दृढता पूर्वक पालन करेंगें।

अतएव निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय सारिणी के अनुसार अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन–सितम्बर, 2025 के सम्पादन हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

20.8.25

जिला शिक्षा पदाधिकारी
बेगूसराय।

ज्ञापांक A9K/1880 बि0शि0परि0,बेगूसराय, दिनांक 20.08.2025

प्रतिलिपि :– सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक (प्रारंभिक विद्यालय), जिला बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त पत्र में वर्णित दिशा–निर्देश के आलोक में निर्धारित तिथि को अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा–2025 का आयोजन करना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, बेगूसराय की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– निदेशक (SCERT), पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

20.8.25

20/08/2025

20/8/25

जिला शिक्षा पदाधिकारी
बेगूसराय।



D:\laptop data\Google folder\Letter\G Jee.docx

# वर्ग I से VIII के छात्र–छात्राओं के अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन में सह–शैक्षणिक गतिविधियों के मूल्यांकन हेतु सुझावात्मक दिशा–निर्देश

| क्र० सं० | संदर्भ | गतिविधियाँ | निर्धारित अंक | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नियमितता | विद्यालय में उपस्थिति का प्रतिशत् | 5 | |
| 2 | समयबद्धता | | | |
| 3 | सहयोग की प्रवृति | अन्य बच्चों/सहपाठियों के साथ सद्भाव/अच्छा व्यवहार, मद्दगार/शिक्षकों एवं वरीय कक्षा के छात्रों के प्रति व्यवहार आदि के आधार पर। | 4 | |
| 4 | वर्ग में सक्रियता | 1. गणितीय खेल संबंधी गतिविधियाँ<br>2. कविता करना | 8 | |
| 5 | प्रश्न पूछना | 1. Word Competition<br>2. Quiz Competition | 10 | |
| 6 | अभिव्यक्ति | 1. भाषण– पूर्व से निर्धारित विषय, यथा– स्वच्छता, बाढ़, भूकम्प, अग्निकाण्ड, यातायात आदि पर।<br>2. भाषण– Extempor (बच्चे स्वयं लॉटरी से विषय का चयन कर 3–5 मिनट भाषण देंगे)<br>3. वाद–विवाद– निर्धारित विषय पर, किन्तु तर्कशीलता बच्चों की रहेगी। | 15 | |
| 7 | खेल–कूद में सहभागिता | दौड़, ऊँची–कूद, लंबी कूद, कब्बड्डी, फुटबॉल, वॉली–बॉल आदि। | 10 | |
| 8 | साफ–सफाई | गणवेश की सफाई/नाखून कटाई/खाने के पूर्व एवं शौच के बाद हाथ धुलाई, अर्थात साफ–सफाई की प्रवृत्ति। | 10 | |
| 9 | गीत गान | गायन– लोकगीत/स्थानीय गीत–संगीत<br>वादन– वाद्ययंत्रों द्वारा अथवा अन्य किसी प्रकार की कलात्मक गतिविधि (मुँह से वाद्ययंत्रों की आवाज़ अथवा ताल निकालना)। | 10 | |
| 10 | चित्र बनाना | कलात्मक प्रतियोगिता– चित्रांकन/मूर्तिकला/मधुबनी पेंटिंग/माचिस–तिलि कला/रंगोली, खिलौना/बाँस अथवा बाँस के तिनकों से निर्माण आदि। | 8 | |
| 11 | नेतृत्व क्षमता | वर्ग मॉनिटर/मीनामंच के सदस्य/बालसंसद से सदस्य आदि के रूप में भूमिका। | 10 | |
| 12 | सृजनात्मकता | 1. थर्मोकॉल/मिट्टी/कागज से विभिन्न मॉडल, यथा– घर, विद्यालय, कारखाना, वैज्ञानिक उपकरण, पाठ्य–सामग्री खिलौना आदि का निर्माण।<br>2. आस–पास की अनुपयोगी सामग्रियों से उपयोगी सामग्रियों का निर्माण (कबाड़ से जुगाड़) | 10 | |
| | | कुल | 100 | |

नोट :– बच्चों के उत्कृष्ट कृति/Model को विद्यालय में संरक्षित करते हुए संबंधी बच्चे के नाम के साथ प्रदर्शनार्थ रखी जाए। इसे विद्यालय के विभिन्न कमरों में भी प्रदर्शित किया जा सकता है।